No. of Printed Pages : 8

**BHMCT-101**

# B.A. (PERFORMING ARTS) HINDUSTANI MUSIC (HONOURS) (BAPFHMH)

## Term-End Examination

## June, 2022

## BHMCT-101 : INTRODUCTION TO HINDUSTANI MUSIC AND ITS FUNDAMENTALS

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *All the questions are **compulsory**. Please take care of the word limit.*

---

**1.** Fill in the blanks : *10*

(a) The practice of __________ is a distinctive feature of Indian culture.

(b) Indian culture is a wonderful example of ___________ culture in the world.

(c) ___________ is an Indian classical dance form evolved in Jharkhand.

(d) Geet, Ghazal, Bhajan, etc. genres come under the ________ category.

(e) In the Vedic period, the ritualistic music sung during yajna was termed as ________ gaan.

(f) In Brahmin texts, there are many references of music in _________ _________ .

(g) According to historians, Greek music arrived in India for the first time during _________ period.

(h) In the Buddha Stupas of Bharhut many musical instruments of ________ period have been etched.

(i) ________ to ________ chapters of Natyashastra are dedicated to music.

(j) From ________ century onwards, Indian music began to divide into the two streams, the northern and southern music.

**2.** State the following sentences as *true* or *false* : *10*

(a) After the thirteenth century, in place of Gram Murchchana in Indian music, Sansthan or Mela System began to prevail.

(b) The arrangement of swaras in the Vedic period was in assending order.

(c) Maharshi Ved Vyasa's, 'Mahabharat' was composed in the form of Geeti Kavya.

(d) In ancient Indian music, three grams were prevalent Shadaj, Madhyam and Pancham.

(e) There are 22 shrutis present in a Saptak.

(f) Hazrat Amir Khusro incorporated the ragas like Sarparda, Sajgiri and Yaman in India.

(g) During Aurangzeb's period, the texts 'Mankutuhal' and 'Sangeet Parijat' which are written in Sanskrit were translated in Persian.

(h) Raga Bhairav is a raga of Bilaval thaat.

(i) In Raga Vrindavani Sarang the use of 'Ga' and 'Dha' swaras are omitted.

(j) There are 16 beats in Taal Kaharwa.

3. Answer the following questions in brief : *10×2=20*

(a) Name the seven swaras of the Vedic period.

(b) Name the 9 classical dances of India.

(c) Name the texts of music written in ancient times.

(d) Name five medieval music texts.

(e) Name the five instruments of the Vedic period.

(f) Name the nine principles of Art.

(g) Name five medieval authors of Music.

(h) Which ragas were initiated by Amir Khusro in India ?

(i) Name the six basic ragas mentioned in Mankutuhal.

(j) Name any five Alankars.

4. Write short notes on any ***four*** of the following in about 250 words : *4×5=20*

(a) Development of seven swaras in Vedic period

(b) Status of Music in Maurya period

(c) Brief introduction of the Granth 'Brihaddeshi' written by Matang

(d) Importance of Nardiya shiksha in the study of music

(e) Indian percussion instruments

(f) Semi-classical singing style Thumari

**5.** Answer any ***four*** of the following questions in not more than 500 words : *4×10=40*

(a) Describe the principles of Art in detail.

(b) On the basis of the information received in Vedas, Shiksha Grantha and Brahmin texts, describe the gradual development of music of that time.

(c) Throw light on the state of Indian Music from seventh to thirteenth century.

(d) Mention some of the popular misconceptions and also mention the actual contribution of Hazrat Amir Khusro to Indian music.

(e) Give a brief description of any two ragas and talas in the syllabus.

(f) Explain in detail the singing styles of Dhrupad and Khyal.

# बी.ए. (प्रदर्शन कला) हिन्दुस्तानी संगीत (ऑनर्स) (बी.ए.पी.एफ.एच.एम.एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2022

## BHMCT-101 : हिन्दुस्तानी संगीत और इसके मूल सिद्धांतों का परिचय

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं । कृपया शब्द सीमा के निर्देशों का पालन कीजिए ।*

**1.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *10*

(क) __________ का अभ्यास भारतीय संस्कृति की एक विशिष्ट पहचान है ।

(ख) भारतीय संस्कृति दुनिया में __________ संस्कृति का एक अप्रतिम उदाहरण है ।

(ग) __________ झारखंड में विकसित भारत का एक शास्त्रीय नृत्य है ।

(घ) गीत, ग़ज़ल, भजन, आदि विधाएँ __________ के वर्ग में आते हैं ।

(ङ) वैदिक काल में, यज्ञकालीन कर्मकांडी संगीत को __________ गान की संज्ञा दी गई थी ।

(च) ब्राह्मण ग्रन्थों में __________ __________ में संगीत संबंधी कई उल्लेख प्राप्त होते हैं ।

(छ) इतिहासकारों के अनुसार __________ काल में पहली बार भारत में युनानी संगीत का आगमन हुआ ।

(ज) ________ काल में भारहुत के बौद्ध स्तूप में तत्कालीन वाद्य यन्त्रों को उकेरा गया ।

(झ) नाट्यशास्त्र के _________ से ________ अध्यायों को संगीत के लिए समर्पित किया गया है ।

(ञ) ________ शताब्दी से भारतीय संगीत उत्तरी और दक्षिणी संगीत, दो धाराओं में बँटने लगा ।

**2.** निम्नलिखित वाक्यों में *सही* या *गलत* बताइए : *10*

(क) तेरहवीं शताब्दी के पश्चात् भारतीय संगीत में ग्राम मूर्च्छना के स्थान पर संस्थान या मेल पद्धति का प्रचलन होने लगा ।

(ख) वैदिक काल में स्वरों की व्यवस्था आरोही क्रम से थी ।

(ग) महर्षि वेदव्यास कृत 'महाभारत' की रचना एक गीति काव्य के रूप में की गई थी ।

(घ) प्राचीन भारतीय संगीत में, तीन ग्रामों का प्रचलन था – षड़ज, मध्यम तथा पंचम ।

(ङ) एक सप्तक में 22 श्रुतियाँ विद्यमान होती हैं ।

(च) भारत में हज़रत अमीर खुसरो सरपरदा, साज़गिरी तथा यमन आदि रागों के प्रवर्तक हैं ।

(छ) औरंगजेब के समय संस्कृत में लिखित 'मानकुतुहल' तथा 'संगीत पारिजात' ग्रन्थों का पारसी में अनुवाद किया गया ।

(ज) राग भैरव बिलावल थाट का राग है ।

(झ) राग वृन्दावनी सारंग में 'ग' तथा 'ध' स्वरों का प्रयोग वर्जित है ।

(ञ) कहरवा ताल में 16 मात्राएँ होती हैं ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : *10×2=20*

(क) वैदिक काल के सात स्वरों के नाम बताइए ।

(ख) भारत के नौ शास्त्रीय नृत्यों के नाम बताइए ।

(ग) प्राचीन काल में लिखे गए संगीत के ग्रन्थों के नाम बताइए ।

(घ) मध्यकालीन पाँच संगीत के ग्रंथों के नाम बताइए ।

(ङ) वैदिक काल के पाँच वाद्यों के नाम बताइए ।

(च) कला के नौ सिद्धान्तों के नाम बताइए ।

(छ) संगीत के पाँच मध्यकालीन ग्रन्थकारों के नाम बताइए ।

(ज) अमीर खुसरो ने किन-किन रागों का भारत में प्रचलन किया ?

(झ) मानकुतुहल में वर्णित छः मूल रागों के नाम बताइए ।

(ञ) किन्हीं पाँच अलंकारों के नाम बताइए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) वैदिक काल में सप्त स्वरों का विकास

(ख) मौर्यकाल में संगीत की स्थिति

(ग) मतंग कृत 'बृहद्देशी' ग्रन्थ का संक्षिप्त परिचय

(घ) संगीत के अध्ययन में नारदीय शिक्षा का महत्त्व

(ङ) भारतीय आघात वाद्य (तालवाद्य)

(च) अर्धशास्त्रीय गायन विधा (शैली) ठुमरी

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर केवल 500 शब्दों में लिखिए : *4×10=40*

(क) कला के सिद्धान्तों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

(ख) वेद, शिक्षा ग्रन्थों तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में प्राप्त जानकारियों के आधार पर तत्कालीन संगीत के क्रमिक विकास का वर्णन कीजिए ।

(ग) सातवीं से तेरहवीं शताब्दी तक की भारतीय संगीत स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

(घ) कुछ प्रचलित भ्रान्तियों का उल्लेख करते हुए हज़रत अमीर खुसरो का भारतीय संगीत में वास्तविक योगदान का भी उल्लेख कीजिए ।

(ङ) पाठ्यक्रम के किन्हीं दो रागों व तालों का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

(च) ध्रुपद अथवा ख्याल की गायकी (गायन शैली) को विस्तारपूर्वक समझाइए ।